# 3. वर्तनी विचार

भाषा की पूर्ण शुद्धता तभी संभव है जब भाषा की वर्तनी पूर्णतया शुद्ध हो। वर्तनी विचार व्याकरण का ही एक अंग है जिसके अंतर्गत शब्दों की वर्तनी के शुद्ध रूप का विश्लेषण किया जाता है।

## शिक्षण-संकेत

❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को कुछ शब्द बोलें तथा फिर छात्रों की पुस्तिका में उन शब्दों की वर्तनी जाँचें।
❖ छात्रों को वर्तनी की अशुद्धि का कारण समझाएँ।
❖ पृष्ठ 18-20 पर दी गई भिन्न-भिन्न प्रकार की वर्तनी की अशुद्धियों से अवगत कराएँ।
❖ छात्रों को कुछ शब्द लिखने के लिए कहें। यदि अशुद्धि हों तो सुधार करें।
❖ छात्रों के शब्द उच्चारण पर भी ध्यान दें।